हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

28 सितम्बर 2024, समय 1305

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने आज स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने भगत सिंह को नमन करते हुए कहा कि वह एक ऐसे अमर स्वतंत्रता सेनानी हैं जिन्होंने मातृभूमि के सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। गृह मंत्री अमित शाह ने भी अमर शहीद का स्मरण करते हुए कहा कि क्रांतिकारी भगत सिंह ने अपने अदम्य साहस से न केवल ब्रिटिश हुकूमत को चुनौती दी थी बल्कि देश की आजादी और उसके सुनहरे भविष्य के लिए अपना जीवन भी न्यौछावर कर दिया था। श्री शाह ने कहा कि भगत सिंह के बलिदान ने आजादी की लड़ाई को और भी सशक्त बना दिया था।

....

आज स्वर कोकिला लता मंगेशकर की 95वीं जयंती है। 28 सितंबर 1929 को जन्मी इस महान गायिका ने दशकों तक अपनी मनमोहक धुनों से लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध किया। 70 वर्षों से अधिक के करियर में उन्होंने कई भाषाओं में 25 हजार से अधिक गाने गाए हैं। भारत रत्न से सम्मानित लता मंगेशकर अपनी विशिष्ट आवाज़ और गायन रेंज के लिए विख्यात थीं। उनका निधन 6 फरवरी 2022 को मुंबई में हो गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि वह लता मंगेशकर स्नेह और आशीर्वाद पाकर खुद को धन्य समझते हैं। प्रधानमंत्री ने लता मंगेशकर के भाई हृदयनाथ मंगेशकर द्वारा लिखे गए एक लेख को भी साझा किया है जिसमें लता मंगेशकर और श्री मोदी के बीच सौहार्द्धपूर्ण संबंधों का उल्लेख किया गया है।

....

हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दोपहर करीब डेढ़ बजे हिसार में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करेंगे। वे भाजपा प्रत्याशी डॉ. कमल गुप्ता, भव्य बिश्नोई, कैप्टन अभिमन्यु, विनोद भयाना के लिए प्रचार करेंगे। कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी भी आज इस रैली में मौजूद रहेंगे। साथ ही केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह कैथल जिले के गुहला में प्रचार करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ अटेली, रादौर, फरीदाबाद और जगाधरी

विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार करेंगे। वहीं अरविंद केजरीवाल कैथल में जनसभा को संबोधित करेंगे और रोड शो निकालकर आप प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील करेंगे। हरियाणा कांग्रेस ने आज सुबह चंडीगढ़ में अपना घोषणापत्र जारी किया और दिनभर कांग्रेस के लीडर कई जनसभाएं करेंगे । जेजेपी नेता नलवा, रतिया, डबवाली और उचाना में राजनीतिक कार्यक्रम करेंगे। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला आज पूरा दिन अपने विधानसभा क्षेत्र ऐलनाबाद में प्रचार करेंगे।

....

कांग्रेस ने आज चंडीगढ़ में अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया जिस में 25 लाख तक फ्री इलाज, महिलाओं को हर महीने 2 हजार रुपए देने का वादा किया गया है। इसके अलावा सतलुज-यमुना लिंक (SYL) नहर से हरियाणा पानी लेने का वादा किया गया है। इससे पहले कांग्रेस ने हरियाणा की लिए 7 गारंटियां दे चुकी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुआई में 7 वादे-पक्के इरादे के नाम से इसे जारी किया गया था आज चुनावी घोषणा पत्र को विस्तार देते हुए 40 पेज के पत्र को जारी किया गया। चुनावी घोषणा पत्र की अध्यक्षा गीता भुक्कल ने कहा कि हमने गारंटी पत्र में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य की पूरी व्यवस्था की है। कांग्रेस जो कहती है, वही करती है। उधर प्रदेश की कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने x सोशल मीडिया हैंडल पर कांग्रेस के घोषणा पत्र के सन्दर्भ में कहा की CLU गैंग ने 10 सालों तक किसानों की ज़मीन को सैंक्शन का डर दिखाकर लूटा है और अपने चहेते बिल्डरों और दलालों के हाथों लुटवाया है। पहले हुड्डा किसानों को सेक्शन 4 या 6 का नोटिस भिजवाता,फिर रियल एस्टेट एजेंट किसानों की लाखों रुपये की जमीन खरीद लेते हैं और सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से उसका CLU करके करोड़ों में बेच देते हैं तथा बिल्डर्स और बड़े अफसरों द्वारा नेताओं एवं मंत्रियों के साथ मिलकर कुछ खास लोगों को अवैध फायदा पहुंचाया जाता रहा।उन्होंने कहा की भाजपा ने पारदर्शिता के साथ समग्र विकास पर जोर दिया है।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात; कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इस मासिक कार्यक्रम की यह 114वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूऔज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार,

दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद यह कार्यक्रम, क्षेत्रीय भाषाओं में भी सुना जा सकता है।

……………………………………………………………………………………………………